वर्ष 28 अंक 337
पृष्ठ 20
बरेली, शुक्रवार
18 अगस्त 2017
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 4.00

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

दैनिक जागरण

PAGE NO. 07, MIDDLE

एसआरएमएस के शिविर में 35 लोगों ने किया रक्तदान

रक्तदान कैंप में पहुंची मेनका गांधी

कार्यक्रम

- सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहेड़ी में रक्तदान शिविर का आयोजन
- एक व्यक्ति साल में तीन बार बिना परेशानी के कर सकता है रक्तदान

जासं, बरेली : श्री राममूर्ति स्मारक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज की ओर से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहेड़ी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का शुभारंभ केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री मेनका गांधी ने किया। शिविर में 35 लोगों ने रक्तदान किया।

एसआरएमएस के डॉक्टरों ने बताया कि लोगों में गलत धारणा है कि रक्तदान करने से कमजोरी आती है। लेकिन यह गलत है। कहा कि रक्तदान करने से हमारे शरीर में शुद्ध रक्त की मात्रा बढ़ जाती है। कहा कि एक स्वस्थ व्यक्ति साल में बिना किसी परेशानी के तीन बार रक्तदान कर सकता है। साथ ही खून से संबंधित तमाम जांचे भी मुफ्त में ही जाती हैं।

कहा कि फिर भी स्वैच्छिक रक्तदान करने वाले लोगों की संख्या बेहद कम है। कहा कि रक्तदान करके किसी को जीवनदान देने का काम करते हैं। इस मौके पर संस्थान के डॉ. अनुराग, ब्लड बैंक टीम के अतिरिक्त संस्थान के मार्केटिंग मैनेजर विनीत वर्मा, उमेश वर्मा आदि मौजूद रहे।